Reserve Bank of India/ भारतीय रिज़र्व बैंक
HRMD/ मा.सं.प्र.वि
Patna/ पटना

कार्यवृत्त: बोली-पूर्व बैठक - भारतीय रिज़र्व बैंक, पटना के मुख्य कार्यालय भवन और आवासीय परिसरों में निजी सुरक्षा पर्यवेक्षकों और निजी सुरक्षा गार्ड (निहत्थे) की तैनाती के लिए निविदा

उक्त निविदा (निविदा संख्या **RBI/Patna Regional Office/HRMD/1/24-25/ET/116[Deployment of Private Security]**) की बोली-पूर्व बैठक दिनांक 05 जुलाई 2024 को अपराह्न 03:00 बजे, भारतीय रिज़र्व बैंक, पटना के मुख्य कार्यालय भवन, दूसरी मंजिल, बोर्ड रूम, में आयोजित की गई। उक्त बैठक में भारतीय रिज़र्व बैंक एवं इच्छुक बोलीदाता के निम्न प्रतिनिधि उपस्थित थे:

क्र.सं	भारतीय रिज़र्व बैंक के अधिकारियों का नाम और पदनाम
1	श्री प्रभात कुमार, महाप्रबंधक
2	श्री संदीपन चटर्जी, सहायक महाप्रबंधक
3	श्री रजित मेहन, प्रबंधक
4	श्री गजेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक प्रबंधक
5	श्री शशि भूषण झा, सहायक

क्र.सं.	इच्छुक बोलीदाता का नाम	इच्छुक बोलीदाता के प्रतिनिधि का नाम
1	सैनिक सेक्युरिटी सर्विसेज़	श्री अखिलेश्वर मिश्रा
2	बॉम्बे इंटेग्रेटेड सेक्युरिटी (इंडिया) लिमिटेड	श्री डब्लू कुमार चौधरी
3	प्रिन्सिपल सेक्युरिटी & अलाइड सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड	श्री राजीव रंजन
4	ए पी सेक्युरिटास प्राइवेट लिमिटेड	श्री कौशलेन्द्र रॉय
5	निशान्त सेक्युरिटी & अलाइड सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड	श्री राजीव कुमार सिंह एवं श्री अखिलेश कुमार सिंह
6	नेसेसा सेक्युरिटी & इंटेग्रेटेड सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड	श्री छत्ते नारायण
7	एसआईएस लिमिटेड	श्री अमित कुमार एवं श्री विजय कुमार सिंह
8	प्रिन्सिपल सेक्युरिटी	श्री चन्दन किशोर
9	एक्स ब्यूरो सेक्युरिटी सर्विसेज़	श्री करण वर्मा एवं सुश्री शिखा कुमारी

2. उक्त निविदा के संबंध में भावी बोलीदाताओं द्वारा पूछे गए प्रश्न एवं उनके स्पष्टीकरण निम्नावत हैं:

क्र.सं	प्रश्न	स्पष्टीकरण
1	प्रस्तुत किए जाने वाले किन सभी दस्तावेज़ों को सीए द्वारा सत्यापित किया जाना आवश्यक है?	निविदा दस्तावेज़ के अलावा सभी सहायक दस्तावेज़ जैसे अनुभव प्रमाणपत्र, ग्राहक प्रमाणपत्र आदि को सीए द्वारा सत्यापित किया जाना आवश्यक है।
2.	क्या निजी सुरक्षा एजेंसी की उपस्थिति बिहार राज्य सहित कम से कम तीन राज्यों में होनी चाहिए?	हां, निजी सुरक्षा एजेंसी की बिहार राज्य सहित न्यूनतम तीन राज्यों में उपस्थिति होनी चाहिए। प्रत्येक राज्य के लिए अलग-अलग वैध PSARA 2005 लाइसेंस भी होने चाहिए।
3	क्या वित्तीय बोली (एक्सेल शीट के अनुसार) में कोई सेवा शुल्क घटक शून्य हो सकता है?	वित्तीय बोली में कोई भी घटक शून्य नहीं हो सकता है और निविदा दस्तावेज़ (पृष्ठ संख्या 45) में उल्लिखित सभी घटकों (ए1+बी1+सी1+डी1) का संचयी योग 5% से कम नहीं होना चाहिए।
4	क्या अनुभव या ग्राहक प्रमाणपत्र केवल सार्वजनिक संस्थानों से होना चाहिए?	अनुभव या ग्राहक प्रमाणपत्र सरकारी / सार्वजनिक / निजी संस्थानों (जैसा लागू हो) से होना चाहिए।
5	क्या उद्धृत सेवा शुल्क में जीएसटी शामिल है?	नहीं, निजी सुरक्षा एजेंसी को जीएसटी को छोड़कर सेवा शुल्क उद्धृत करना होगा।

कृपया ध्यान दें	
1	यह दस्तावेज़ (बोली पूर्व बैठक के कार्यवृत्त) निविदा/ अनुबंध का एक भाग होगा। अतः बोलीदाताओं द्वारा उक्त दस्तावेज़ को निविदा के साथ हस्ताक्षरित कर जमा किया जाए।
2	निविदा दस्तावेज़ में उल्लिखित अन्य नियम एवं शर्तें तथा विनिर्देश अपरिवर्तित रहेंगे।
3	उपर्युक्त स्पष्टीकरण सभी इच्छुक बोलीदाताओं की सूचना के लिए जारी किए जा रहे हैं।
4	फर्म द्वारा बोली प्रस्तुत किए जाने पर बोली दस्तावेज़ तथा उक्त स्पष्टीकरणों पर उनकी सहमति मानी जाएगी।
5	यदि किसी वेंडर ने इस कार्यवृत्त के जारी होने के पूर्व अपनी बोली एमएसटीसी वेबसाइट पर अपलोड कर दी है तो उन्हें सूचित किया जाता है कि वे अपने बोली को संशोधित कर पुनः एमएसटीसी पोर्टल पर अपलोड करें।

क्षेत्रीय निदेशक
भारतीय रिज़र्व बैंक, पटना